https://www.upboardonline.com

नाम ……………… अनुक्रमांक ………………

प्री-बोर्ड परीक्षा, 2021

B

सामाजिक विज्ञान

कक्षा—10

समय : 3 घण्टे 15 मिनट] **[पूर्णांक : 70**

निर्देश— प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोट—(i) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(iii) 'क' तथ 'ख' खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों का उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

खण्ड-क

(बहु विकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए

1. 'यंग इटली सोसाइटी' का संस्थापक कौन था ? 1

   (क) गैरीबाल्डी (ख) काबूर

   (ग) बिस्मार्क (घ) मेजिनी

2. 'हिन्द स्वराज' पुस्तक के लेखक कौन थे ? 1

   (क) महात्मा गाँधी (ख) बाल गंगाधर तिलक

   (ग) स्वराज पॉल (घ) पण्डित नेहरू

3. फ्रांस की क्रान्ति कब हुई ? 1

   (क) 1787 (ख) 1788

   (ग) 1789 (घ) 1790

4. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं का समावेश है ? 1

   (क) 20 (ख) 22

   (ग) 24 (घ) 26

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

5. वर्तमान में भारत में कितने राज्य हैं ? 1

   (क) 27 (ख) 28

   (ग) 29 (घ) 30

6. लोकतन्त्र में सत्ता किसके हाथ में होती है ? 1

   (क) सरकार (ख) जनता

   (ग) विधायिका (घ) कार्यपालिका

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

7. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कब और कहाँ हुआ ? 2

8. 'रिण्डरपेस्ट' क्या है ? 2

9. विश्व के दो संघात्मक राज्यों के नाम बताइए। 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

10. यूरोप में राष्ट्रवाद के विकास में संस्कृति का क्या योगदान था ? संक्षेप में बताइए। 3

    अथवा

    बाल्कन प्रदेशों में राष्ट्रवादी तनाव क्यों पनपा ?

11. लोकतन्त्र की तीन विशेषताएँ बताइए। 3

    अथवा

    भारत की अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने वाले तीन तत्वों की विवेचना कीजिए।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

12. फ्रांस की क्रान्ति के कारणों का वर्णन कीजिए। 6

    अथवा

    सविनय अवज्ञा आन्दोलन के कारण एवं परिणामों की विवेचना कीजिए।

13. भारतीय लोकतन्त्र के विकास में जाति, धर्म एवं लैंगिक मसले किस प्रकार अवरोध हैं ? समझाइए। 6

    अथवा

    दबाव समूह और राजनीतिक दल में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

14. दिए गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए—
   (i) वह स्थान जहाँ 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। 1
   (ii) वह स्थान जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। 1
   (iii) वह स्थान जहाँ गांधीजी ने नमक कानून तोड़ा। 1
   (iv) वह स्थान जहाँ स्वर्ण मन्दिर स्थित है। 1
   (v) वह स्थान जहाँ चन्द्रशेखर आजाद शहीद हुए। 1

खण्ड–ख

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए—

15. नवीकरण योग्य संसाधन है— 1
   (क) वन (ख) पवन ऊर्जा
   (ग) जल (घ) ये सभी

16. निम्नलिखित में से कौन-सी एक फलीदार फसल है— 1
   (क) मोटे अनाज (ख) दालें
   (ग) ज्वार (घ) तिल

17. झरिया प्रसिद्ध है— 1
   (क) लौह अयस्क के लिए (ख) कोयला के लिए
   (ग) ताँबा के लिए (घ) बॉक्साइट के लिए

18. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कहाँ पर हुई थी ? 1
   (क) वाशिंगटन (ख) न्यूयार्क
   (ग) जिनेवा (घ) आस्ट्रिया

19. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब लागू हुआ ? 1
   (क) 1982 (ख) 1984
   (ग) 1985 (घ) 1986

20. तत्काल इलेक्ट्रॉनिक डाक किसके द्वारा भेजी जा सकती है ? 1
   (क) डाकघर (ख) वायु परिवहन
   (ग) इण्टरनेट (घ) बहुराष्ट्रीय निगम

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

21. सतत् पोषणीय विकास का अर्थ बताइए। 2
22. भारत में परमाणु ऊर्जा के दो केन्द्रों के नाम बताइए। 2
23. प्रति व्यक्ति आय किसे कहते हैं ? 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

24. खादर तथा बांगर से आप क्या समझते हैं ? 3

अथवा

चावल की खेती के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों का वर्ण कीजिए।

25. देश के आर्थिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्र के योगदान को संक्षेप में समझाइए। 3

अथवा

तीन ऐसे कारण बताइए जिससे उपभोक्ताओं का शोषण होता है।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

26. भूमि कटाव किसे कहते हैं ? भूमि कटाव के कारण बताइए। 6

अथवा

ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोतों का वर्णन कीजिए।

27. वैश्वीकरण क्या है ? भारत में वैश्वीकरण के प्रभाव को समझाइए। 6

अथवा

पर्यावरण में गिरावट के कुछ ऐसे उदाहरणों की सूची बनाइए जो आपने अपने आस-पास देखे हों।

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

28. दिए गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए—
   (i) राणा प्रताप सागर बाँध --- चिह्न द्वारा नाम सहित। 1
   (ii) कोई एक चाय उत्पादक क्षेत्र Δ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1
   (iii) डल झील ▨ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1
   (iv) भारत का कोई एक बन्दरगाह जो पश्चिमी तट पर स्थित हो ● चिह्न द्वारा नाम सहित। 1
   (v) कलकत्ता से चेन्नई का रेल मार्ग ++++ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1

●●●

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com